web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 08 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 70

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एनबीसीसी की इमारत में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के भीकाजी कामा प्लेस स्थित एनबीसीसी की इमारत में शुक्रवार देर रात आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रात साढे 12 बजे आग पर काबू पाया गया। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना रात 9.47 बजे मिली जिसके बाद कुल 25 दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए रवाना किया गया था

### रॉबर्ट वाड्रा ने विदेश जाने अदालत से मांगी अनुमति

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने स्पेन की यात्रा की अनुमति के लिए एक आवेदन किया है, जिस पर दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने इस बाबत एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए मामले की सुनवाई नौ दिसंबर के लिए सूचिबद्ध कर दी। वाड्रा ने स्वास्थ्य और व्यापार उद्देश्यों दोनों ही कारणों से नौ दिसंबर से दो सप्ताह के लिए स्पेन यात्रा की इजाजत मांगी है। सूत्रों ने कहा कि उनके हाल ही में हुए चिकित्सा परीक्षण में नई परेशानियां सामने आई हैं। वाड्रा को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जांच का सामना करना पड़ रहा है। वाड्रा पर आरोप है कि लंदन स्थित ब्रायनटन स्क्वेयर में 1.2 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने में धनशोधन किया गया। संपत्ति की कीमत 19 लाख पाउंड है। कथित तौर पर संपत्ति का स्वामित्व वाड्रा के पास है।

### दुनिया की रेप राजधानी बन गया है भारत

» राहुल गांधी के बिगड़े बोल

**कोझिकोड (आरएनएस)।** देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर गहरी चिंता जताते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत विश्व की रेप राजधानी' बन गया है। वहीं, दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर ऐसे बयान देते हैं, जिससे वो मेंटली डिस्टर्ब्ड लगते हैं। तिवारी का ये बयान राहुल के उस बयान के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत को दुनिया की रेप कैपिटल के नाम से जाना जाता है। राहुल के इस बयान पर भी विवाद खड़ा हो गया है। राहुल गांधी इन दिनों केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के तीन दिन के दौरे पर है। उन्होंने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है और हाल के दिनों में महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी पर बलात्कार के मामलों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया और कहा कि देशभर में हर रोज कोई न कोई बलात्कार का मामला सामने आ रहा है। गांधी ने कहा कि मोदी केवल धर्म की बातें करने में व्यस्त हैं लेकिन उन्हें कुछ धार्मिक किताबें पढ़नी चाहिए। उन्होंने श्री मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश पर शासन करने वाले ही जब हिंसा में विश्वास रखते हैं तो ऐसे में जनता का कानून को अपने हाथ में लेना स्वाभाविक है।

# झारखंड में 18 सीटों पर मतदान समाप्त, 59.27 प्रतिशत पड़े वोट

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड में दूसरे चरण की बीस विधानसभा सीटों में से अठारह पर आज अपराह्न तीन बजे मतदान समाप्त हो गया और इस दौरान सभी सीटों के लिए कुल 59.27 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य कार्यालय सूत्रों ने यहां बताया कि इन बीस सीट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। अपराह्न तीन बजे तक इन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 59.27 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।



दूसरे चरण की 20 सीटों में से अठारह के लिए मतदान समाप्त हो गया है जबकि जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम में शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। अपराह्न तीन बजे तक जमशेदपर पूर्व में 46.41 प्रतिशत और जमशेदपुर पश्चिम में 43.22 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया। वहीं, मतदान समाप्त होने पर बहरागोड़ा में 66.38 प्रतिशत घाटशिला (सु) में 64.47 प्रतिशत, पोटका (सु) में 61 प्रतिशत, जुगसलाई (सु) में 59 प्रतिशत, सरायकेला (सु) में 56.77 प्रतिशत, चाईबासा (सु) में 62.28 प्रतिशत, मझगांव में 66.67 प्रतिशत, जगन्नाथपुर (सु) में 60.99 प्रतिशत, मनोहरपुर (सु) में 60.03 प्रतिशत, चक्रधरपुर (सु) में 62.72 प्रतिशत, खरसावां (सु) में 60.12 प्रतिशत, तमाड़ (सु) में 67.83 प्रतिशत, तोरपा (सु) में 59.11 प्रतिशत, खूंटी (सु) में 59.2 प्रतिशत, मांडर (सु) में 61.14 प्रतिशत, सिमडेगा (सु) में 59.07 प्रतिशत और कोलिबेरा में 56.5 प्रतिशत मतदान हुआ है।

जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर अभी भी मतदाताओं की लंबी कतार देखी जा रही है। मतदाताओं में महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी देखी जा रही है। इस दौरान गुमला जिले के सिसई विधानसभा क्षेत्र में कुदरा पंचायत के बघनी गांव में मतदान केंद्र संख्या 36 पर आज सुरक्षा बल के जवानों और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत तथा कई जवानों के घायल होने की सूचना है। इसके अलावा राज्य में कही से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

उल्लेखनीय है कि दूसरे चरण के मतदान वाली 20 विधानसभा सीटों की चुनावी दौड़ में 260 उम्मीदवार हैं। सबसे ज्यादा 20-20 प्रत्याशी जमशेदपुर पूर्व एवं जमशेदपुर पश्चिम सीट से जबकि सबसे कम सात सरायकेला सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## हैदराबाद बलात्कार कांड पर सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हैदराबाद के बलात्कार एवं हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने का मामला शनिवार को उच्चतम न्यायालय पहुंच गया और इसकी स्वतंत्र जांच संबंधी दो याचिकाएं दायर की गई। एक याचिका दो वकीलों - जी एस मणि और प्रदीप कुमार यादव ने तथा दूसरी याचिका वकील मनोहर लाल शर्मा ने दायर की है। पहली याचिका में मांग की गयी है कि पुलिस टीम के मुखिया समेत मुठभेड़ में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच कराई जानी चाहिए। इस याचिका में मांग की गयी है कि यह जांच सीबीआई, एस आई टी, सीआईडी या किसी अन्य निष्पक्ष जांच एजेंसी से कराई जाए, जो तेलंगाना शासन के अधीन न हो। याचिकाकर्ताओं ने इसकी जांच की मांग की है कि क्या मुठभेड़ को लेकर शीर्ष अदालत के 2014 के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया या नहीं।

शर्मा ने अदालत की निगरानी में विशेष जांच दल से जांच के साथ-साथ आरोपियों के खिलाफ टिप्पणी करने पर राज्य सभा सासंद जया बच्चन और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ऐसे मामलों में शामिल आरोपियों को अदालत से दोषी करार दिए जाने तक मीडिया में बहस पर रोक लगाने के निर्देश देने की भी मांग की गयी है।

## पीड़िता के परिवार को 25 लाख और घर देगी सरकार

» उन्नाव रेपकांड

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को घोषणा की कि उन्नाव की रेप पीड़िता के परिवार को 25 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया। इसके अलावा पीड़िता के परिवार को पीएम आवास योजना से घर भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की भी सिफारिश करेगी।



इससे पहले पीड़िता की मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंत्री कमल रानी वरुण और स्वामी प्रसाद मौर्य उन्नाव पहुंचे। उन्नाव में यूपी सरकार के मंत्रियों और सांसदों को कांग्रेस नेताओं ने काली पट्टियां दिखाई। पुलिस के साथ भी प्रदर्शनकारियों की धक्कामुक्की हुई। उधर, राजधानी लखनऊ में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू खुद भी प्रदर्शन के लिए उतर आए, जिसके बाद पुलिस उन्हें भी पकड़ लिया। पीड़िता ने शुक्रवार देर रात दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया था। अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा, वह दर्द में थी। वह खुद को बचाने की गुहार लगा रही थी। दुष्कर्म के आरोपियों सहित पांच लोगों द्वारा कथित रूप से जलाए जाने के बाद पीड़िता को एयर एंबुलेंस के जरिए लखनऊ से दिल्ली लाकर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह 90 फीसदी जल चुकी थी।

## करतारपुर कॉरिडोर पर पाकिस्तान की साजिश को लेकर सेना अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना में सिख अधिकारियों और सैनिकों की एक बहुत बड़ी संख्या मौजूद है। इसी वजह से सेना ने पाकिस्तान के करतारपुर में स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में मत्था टेकने की इच्छा रखने वाले अपने कर्मियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सेना के सूत्रों के अनुसार नवंबर में सेना ने दो बार इस तरह के दिशा-निर्देश जारी कर चुकी है।



गुरुद्वारा दरबार साहिब सिखों का बहुत पवित्र तीर्थस्थल है। माना जाता है कि गुरु नानक ने अपने जीवन के अंतिम दिन यहीं बिताए थे। हाल ही में तीर्थयात्रियों के लिए करतारपुर कॉरिडोर खोला गया है। दिशा-निर्देशों में सेना ने अपने कर्मियों से कहा है कि वह काफी सावधान रहें क्योंकि यहां वह विदेशी नागरिकों के संपर्क में आ सकते हैं।

सूत्रों का कहना है कि चूंकि सेना के कर्मी पाकिस्तान की यात्रा करेंगे इसलिए उन्हें काफी ज्यादा सजग रहने की जरुरत है। इसकी वजह है पाकिस्तान का हमारा विरोधी होना। भारतीय सेना के पास बड़ी संख्या में सिख अधिकारी और सैनिक हैं। इसकी तीन रेजिमेंटों में सिख रेजिमेंट, सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट और पंजाब रेजिमेंट शामिल हैं जिसमें पंजाब के और पड़ोसी राज्य हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के सिख सैनिक शामिल हैं।

नौ नवंबर को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन किया था। जिसमें सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती मनाने के लिए भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा मुक्त प्रवेश की सुविधा दी गई थी।

पाकिस्तान का दावा है कि करतारपुर कॉरिडोर इमरान खान के दिमाग की उपज है। उसके रेल मंत्री शेख रशीद ने हाल ही में अपनी ही सरकार के खिलाफ जाते हुए कहा कि कॉरिडोर को खोलना पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा के दिमाग की उपज है और कहा कि इससे भारत हमेशा आहत होता रहेगा।

## रेलवायर वाई-फाई 5500 रेलवे स्टेशनों में हुआ लाइव

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रेलवे ने देश भर के 5500 स्टेशनों पर मुफ्त सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराने का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। पूर्व मध्य रेलवे जोन का महुआ मिलन रेलवे स्टेशन देश का 5500 वां स्टेशन बन गया है, जिसमें मुफ्त सार्वजनिक वाई-फाई है। यह एक अनोखी पहल है क्योंकि यह वाई-फाई नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े वाई-फाई नेटवर्क में से एक है।



रेलवे स्टेशनों को डिजिटल समावेश के केंद्र में बदलने के लिए, भारतीय रेल ने रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त हाई-स्पीड वाई-फाई उपलब्ध कराने के लिए, रेल मंत्रालय के तहत एक मिनीरत्न पीएसयू, रेलटेल को अधिदेशित किया। भारत की आर्थिक राजधानी-मुंबई सेंट्रल स्टेशन से जनवरी 2016 में इसकी शुरूआत हुई थी और 46 महीनों के अंतराल में रेलवे ने देश भर के 5500 स्टेशनों पर वाई-फाई सफलतापूर्वक उपलब्ध करा दिया है। सभी रेलवे स्टेशनों (हाल्ट को छोड़कर) में वाई-फाई उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस हेतु रेलटेल ने परियोजना के कुछ हिस्सों के लिए गूगल, टाटा ट्रस्ट, पीजीसीआईएल जैसे भागीदारों की सेवाएं लीं और 200 स्टेशनों के लिए दूरसंचार विभाग यूएसओएफ से वित्त पोषण भी प्राप्त किया। वाई-फाई रेलवायर के ब्रांड नाम के तहत उपलब्ध कराया जा रहा है।

अक्टूबर 2019 के महीने में सभी स्टेशनों पर 'रेलवायर' वाई-फाई सेवाओं में कुल 1.5 करोड़ उपयोगकर्ता लॉगिन हुए जिन्होंने 10242 टीबी डेटा का उपभोग किया। हाई-स्पीड वाई-फाई तक फ्री एक्सेस से ग्रामीण और शहरी भारत के बीच डिजिटल विभाजन को पाटने में मदद मिलेगी। अध्ययन सामग्री डाउनलोड करने के लिए अपने प्रतीक्षा समय का उपयोग करने वाले छात्र, डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए सेवा का उपयोग करने के लिए वाले वेन्डर, नए कौशल सीखने या नेट सर्फिंग करने के द्वारा स्टेशनों पर अपने समय का उपयोग करने वाले दैनिक यात्रियों के लिए मुफ्त वाई-फाई एक वरदान रहा है जो अन्यथा निम्न कनेक्टिविटी मुद्दों से जूझते रहते हैं।

उपयोगकर्ताओं को सर्वश्रेष्ठ इंटरनेट अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया रेलवे स्टेशनों पर स्थित रेलवायर वाई-फाई ऐसे किसी भी उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध होगा, जिसके पास काम-काजी मोबाइल कनेक्शन के साथ स्मार्टफोन होगा।

## राजघाट से इंडिया गेट तक कैंडल मार्च निकाल रहे लोग

» उन्नाव गैंगरेप का विरोध दिल्ली तक पहुंचा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सात साल पहले दिसंबर में निर्भया केस के बाद देशभर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन हुआ था। हैदराबाद और उन्नाव की घटनाओं के बाद अब एक बार फिर इसी मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है। आज शाम राजधानी में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के नेतृत्व में राजघाट से इंडिया गेट तक कैंडल मार्च निकाला गया।



इस दौरान दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, तो वे और ज्यादा भड़क गए। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड को तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर ठंडे पानी की बौछार कर दी।

इससे कई युवतियां बेहोश हो गईं। कुछ को चोटें भी आई हैं। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं और वे कई नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन में कांग्रेस का छात्र संगठन एनएसयूआई सहित कई संगठनों ने हिस्सा लिया।

## एनआईए ने 2 आईएस संदिग्धों के खिलाफ दायर की चार्जशीट

» दो साल से कर रहे थे हिंसक विचारधारा का प्रचार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दो आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दायर किया। संदिग्धों को आईएसआईएस केरल-तमिलनाडु मॉड्यूल मामले में एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली में एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद-रोधी जांच एजेंसी ने मोहम्मद अजरुद्दीन और शेख हिदायतुल्ला के खिलाफ एर्नाकुलम की एक विशेष एनआईए अदालत में आईपीसी की कई धाराओं और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप पत्र दायर किया है।



एनआईए के अनुसार, अजरुद्दीन इस्लामिक स्टेट समूह के तमिलनाडु मॉड्यूल का मास्टरमाइंड था और उसे इसी साल 12 जून को कोयंबटूर से गिरफ्तार किया गया था। एनआईए ने दोनों आरोपियों को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। एनआईए अधिकारियों के अनुसार, अजरुद्दीन श्रीलंका में हाल ही में हुए बम विस्फोटों के पीछे कथित मास्टरमाइंड जहरान हाशिम का फेसबुक मित्र था। उस हमले में 250 से अधिक लोग मारे गए थे।

आरोपियों और उनके सहयोगियों ने केरल और तमिलनाडु में युवाओं की भर्ती करने के इरादे से सोशल मीडिया पर आतंकवादी संगठन आईएसआईएस/दाइश की विचारधारा का प्रचार किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इसी जानकारी के आधार पर इस साल 30 मई को तमिलनाडु के कोयंबटूर में छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## अलायंस एयर ने गुवाहाटी से दीमापुर और इम्फाल के लिए उड़ान भरी

» पूर्वोत्तर क्षेत्र की लंबे समय से प्रतीक्षित मांग पूरी हुई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** एयर इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एलायंस एयर ने आज भारत सरकार के अधीन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजनाङ्क उड़े देश का आम नागरिक, आरसीएस उड़ान के तहत असम की राजधानी गुवाहाटी से नागालैंड के सबसे बड़े शहर दीमापुर और मणिपुर की राजधानी इंफाल के बीच अपनी पहली उड़ान संचालन को झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे यह इस स्कीम का 236वां रूट बन गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह, मणिपुर सरकार के मंत्री (पीएचईडी) लोसिड़ीखो, टूरिज्म कॉरपोरेशन ऑफ मणिपुर लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. सपम रंजन सिंह और एयर इंडिया तथा एयर एलायंस के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दीमापुर से इम्फाल के लिए उड़ान सेवाएं क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग रही हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 27 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली में नागालैंड के राज्यपाल आर.एन. रवि के साथ अपनी बैठक के दौरान इस क्षेत्र में उड़ान संचालन शुरू करने का आश्वासन दिया था। यह उत्तर पूर्वी भारत में एक मजबूत हवाई नेटवर्क स्थापित करने के लिए नागरिक उड्डुयन मंत्रालय के एक और कदम को चिह्नित करता है। अब तक मात्र 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए लोगों को मणिपुर के इंफाल तक पहुंचने के लिए नागालैंड के दीमापुर से बस से 7 घंटे का सफर तय करना पड़ता था। इस रूट की स्थापना के साथ, अब लोग दीमापुर से हवाई मार्ग से 50 मिनट में इम्फाल की यात्रा कर सकते हैं और देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ गुवाहाटी से भी हवाई संपर्क प्राप्त कर सकते हैं। यह उड़ान इम्फाल से कनेक्टिविटी के पहले वैकल्पिक विकल्प की स्थापना को चिह्नित करती है, क्योंकि अभी तक, इम्फाल भारत के रेलवे नेटवर्क के साथ नहीं जुड़ पाया है।



एलायंस एयर इस मार्ग पर प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार- सप्ताह में तीन उड़ानों का संचालन करेगी। यह वर्तमान में 57 गंतव्यों को जोड़ती है, दीमापुर और इम्फाल को मिलाकर अब इसके एलायंस एयर के दायरे में 59 स्टेशन होंगे। एयरलाइन इस सेक्टर पर अपने 70 सीटर विमान तैनात करेगी।

फ्लाइट 91 741 गुवाहाटी से 0800 बजे प्रस्थान करेगी और 0855 बजे पर दीमापुर पहुंचेगी और आगे 0920 बजे दीमापुर से प्रस्थान करेगी और 1010 बजे इम्फाल पहुंचेगी। फ्लाइट 91 742 इम्फाल से 1035 बजे रवाना होगी और दीमापुर 1125 बजे पहुंचेगी और इसके बाद 1150 बजे प्रस्थान करेगी और 1245 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी।